Statement

Railway	No. of mandays lost due to work stoppages agitations etc. for the period from 1-1-80 to 30-9-80 on Indian Railways (including Production Units)
Central . . .	575·5
Eastern . . .	39889·0
Northern . . .	20461·5
North Eastern . .	9706·0
Northeast Frontier*	—
Southern . . .	8735·0
South Central . .	287·0
South Eastern . .	12197·5
Western . .	1349·0
C.L.W. . . .	65·5
D.L.W. – –	Nil
I.C.F. . . .	396·0
Total	93662·0

*The figure from N.F. Railway not readily available.

राजस्थान के लिये रेल सेवा आयोग

547. **श्री अशोक गहलोत :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तरी रेलवे के अधीन राजस्थान के लिए एक पृथक् रेल सेवा आयोग की स्थापना के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसकी स्थापना कब तक हो जाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो तत्संबंधी कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (ग). देश में रेल सेवा आयोगों की संख्या बढ़ाने के प्रश्न पर सरकार विचार कर रही है ।

दिल्ली और जोधपुर के बीच नई रेलगाड़ी आरंभ करना

548. **श्री अशोक गहलोत :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रींगस-फुलैरा के रास्ते दिल्ली और जोधपुर के बीच एक नई रेलगाड़ी आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उस पर अपनी स्वीकृति दे दी है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) दिल्ली और जोधपुर के बीच प्रस्तावित गाड़ी चलाने का न तो यातायात की दृष्टि से कोई औचित्य है और न ही परिचालन की दृष्टि से ऐसा करना व्यावहारिक है क्योंकि रास्ते के कुछ खंडों में लाइन क्षमता पर बड़ा दवाब पड़ रहा है और दिल्ली (मी० ला०) में टर्मिनल सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं ।

नेपाल में भारतीय व्यापारियों पर आक्रमण

549. **श्री एन. ई. होरो :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17 सितम्बर, 1980 के "विश्वमित्र" में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है कि नेपाल के झापा क्षेत्र में